>

Title: Regarding dilapidated condition of Central School, Surda in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

श्री अजय कुमार (जमशेदपुर): जब आप सभापति की कुर्सी पर बैठते हैं तो हम सब को बोलने का मौका देते हैं, इसके लिए धन्यवाद। सभापति महोदय, एक समस्या है कि घाटशिला के सुरदा में एक सेन्ट्रल स्कूल है, जो हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के कम्पाउंड में है। पिछले कई साल से हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की हालत खराब थी तो उन्होंने स्कूल को रिपेयर नहीं किया। अब स्कूल की स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि सीबीएसई ने एक अप्रैल से स्कूल को बंद करने का नोटिस दे दिया है।

मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि एक हजार बच्चों की भविष्य की बात है, अभी हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड प्रॉफिट में आ गया है, वे कृपया यह सुनिश्चित करें कि यह स्कूल बंद न हो। यह सरकारी आदेश वापस ले लें और हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड को आदेश दें कि यह सेन्ट्रल स्कूल, सुरदा, जो पिछड़ा हुआ आदिवासी क्षेत्र है, वहां के बच्चों के लिए एक ही अच्छा सीबीएसई का सेन्ट्रल स्कूल है, मैं आपसे माध्यम से यह अनुरोध करूंगा कि सरकार यह दबाव डाले कि एचसीएल स्कूल को रिपेयर करे और स्कूल को बंद नहीं किया जाए।